बिजनेस

Posted at: Jul 11 2024 5:01PM

गुरिंदर सिंह सहम्बे किसानधन का सीईओ नियुक्त

नयी दिल्ली 11 जुलाई (वार्ता) सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (एसएलसीएम) की पूर्ण स्वामित्व वाली ईकाई किसानधन एग्री फाइनेंशियल सर्विसेज ने गुरिंदर सिंह सहम्बे को अपना नया सीईओ नियुक्त किया है।
कंपनी ने आज यहां कहा कि लगभग 30 सालों के अपने कॅरियर और ग्रामीण विपणन लीडर के रूप में सम्मानित श्री सहम्बे एक दूरदर्शी नेतृत्व के मार्गदर्शक के रूप में सामने आए हैं। उनके पास एनबीएफसी तथा इससे जुड़े क्षेत्रों में सांस्कृतिक तथा आर्थिक मामलों में व्यावहारिक अनुभव के साथ व्यापारिक विकास में अच्छी-खासी विशेषज्ञता तथा रणनीतिक समझ है।
इससे पहले उन्होंने एसवी क्रेडिटलाइन, पूनावाना फिनकॉर्प, एग्रीवाइज फिनसर्व, 11 रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड और मैग्मा फिनकॉर्प जैसी बड़ी कंपनियों में प्रबंधन के शीर्ष पदों पर काम किया है। गुरिंदर इस इंडस्ट्री के जानेमाने दिग्गज हैं। उनके पास कृषि वित्तीय समाधान में विशेषज्ञता है, जिनमें एसएमई ऋण, कृषि ऋण, माइक्रो-एलएपी, ऑटो-लीज़ क्षेत्र शामिल हैं।गुरिंदर ने कृषि वित्तपोषण पर अनेक फोरम का प्रतिनिधित्व किया है और वे एनबीएफसी के लिए बनी एफआईसीसीआई तथा एफआईडीसी की समितियों का भी हिस्सा रहे हैं। कृषि वित्तपोषण के क्षेत्र में वैश्विक मानक लाकर श्री सहम्बे सीईओ के रूप में किसानधन को उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। वे इनोवेशन करने, रणनीतिक विकास को बढ़ावा देने तथा विशिष्ट रूप से तैयार किए गए समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
शेखर
वार्ता